26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 13 जुलाई, 2026

अंक- 259 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## काशी, मथुरा और संभल विवाद

# हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया

## कहा- केस लड़कर फ़ैसला चाहते हैं

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने आज सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये तीनों विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। हालांकि, किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय बातचीत के जरिए हल निकालना है।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी से रिपोर्ट मांगी

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले से जुड़ी याचिकाओं पर आज सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या के राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्रीराम जन्मभमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भी नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी से मामले की जांच से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इस मामले पर अब अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पीठ के समक्ष पेश हुए। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि स्टेटस रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में देने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राम मंदिर ट्रस्ट को नोटिस टालने की अपील की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।


BMB तुरंत आवश्यकता BMB

काउन्टर सेल्स हेतु यवक/युवतियों की।
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।


प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक सम्पर्क करें-

बीकानेर मिष्ठान भण्डार
सिविल लाइन्स, बिजनौर



आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

KSVCEM BIJNOR
Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor
COLLEGE CODE-791
Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad
Courses Offered
Admission Open 2026-27
B.B.A
B.Com (Hons.)
B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
B.A (All Subjects)
Computer Courses
Basic Computer Courses
MS Office, Photoshop, CCC
'O' & 'A' Level
Web & Android Development
Digital Marketing
E-Commerce
Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor



+91 9411853446

27 years of Excellence
KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH.
(BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A.
(FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN
TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE
LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

SB COLLEGE
SBC
NIOS
(Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP



6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

# भीषण गर्मी में तपती रेत पर बैठकर सर्च अभियान की निगरानी कर रहे विधायक और चेयरमैन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आज चौथे दिन भी विधायक मनोज पारस व अध्यक्ष अब्दुल मन्नान के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। समाचार लिखे जाने तक दूसरे बालक का कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार की शाम को राधगान मुहल्ले के तीन बालक मालन नदी में नहाने गए थे, नहाते वक्त तीनों पानी के तेज बहाव में फंस गए थे। इनमें एक बालक तैरता हुआ वापस आ गया था। दूसरे शाबान का शव दूसरे दिन मिल गया था। आज चौथे दिन भी तीसरे अलीम का अभी तक कहीं भी पता नहीं चला। शुक्रवार की शाम से ही विधायक मनोज पारस व अध्यक्ष अब्दुल मन्नान सैकड़ों समर्थकों के साथ मालन नदी पर ही डेरा डाल रखा है। भयंकर गर्मी में यह दोनों नेता धूप में तपते रेत पर ही बैठे रहते हैं और कभी वोट पर सवार होकर तीसरे बच्चे की तलाश करते हैं। विधायक मनोज पारस ने चिंगारी से कहा कि मेरे क्षेत्र की जनता कष्ट में है और मैं आराम फरमाऊं मुझे अच्छा नहीं लगता है। अध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने कहा कि चाहे कितने दिन भी लग जाएं मेरा प्रयास तीसरे बच्चे अलीम को तलाशने का रहेगा। नगर के हर छोटे-बड़े मेरे परिवार के सदस्य की तरह हैं उनका दुख मेरा दुख है। विधायक मनोज पारस और चेयरमैन अब्दुल मन्नान का रोज सुबह 8 बजे मालन नदी पर पहुंचना और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराना और शाम को अंधेरा होने तक वहीं रहना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## मंडावली थाना प्रभारी के पत्रकार से अभद्रता पर मीडियाकर्मियों ने रोष जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रें के पत्रकारों की तहसील के डबाकरा हॉल में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी मंडावली राकेश कुमार द्वारा मंडावली के पत्रकार मुस्तकीम अहमद के साथ कथित अभद्र व्यवहार तथा हवालात में डालने की धमकी देने तथा इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पत्रकारों ने रोष जताया। घटना को लेकर जनपद बिजनौर के विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकारों ने इसे प्रेस की गरिमा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बैठक में इस संबंध में डीएम व एसपी को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि यदि दो दिन के भीतर थाना प्रभारी मंडावली का स्थानांतरण अथवा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समस्त पत्रकार संगठन थाना मंडावली के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन एवं संचालन शहजाद मलिक ने किया। बैठक में शाकिर कुरैशी, जकी मलिक, आकिफ हुसैन, नईम सिद्दीकी, मुशर्रफ हुसैन, गुलजार कुरैशी, सपना वर्मा सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राजगढ़ वन क्षेत्र में वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026 के अंतर्गत साहनपुर चार ए में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें 16 हजार से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर उप प्रभागीय वन अधिकारी अंशु चावला ने कहा कि पौधे हमें प्राणवायु आक्सीजन प्रदान करते हैं, इसलिए हम सबको प्रतिवर्ष न्यूनतम तीन पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करना चाहिए। उप प्रभागीय वन अधिकारी अंशु चावला ने जानकारी देते हुए बताएं वृक्षों से कार्बन संचयन भी बढ़ेगा और पक्षियों को रहने व भोजन की प्राप्ति होगी तथा पर्यावरण की सुरक्षा भी बढ़ेगी। राजगढ़ रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने बताया कि राजगढ़ रेंज में जो वृक्षारोपण किया गया है वह एक आने वाले समय के लिए संजीवनी बनेगा। मुख्य अतिथि भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ का संकल्प आज 35 करोड़ पौधे लगाने का है। राजगढ़ वन क्षेत्र अधिकारी देव ऋषि सक्सेना, डिप्टी रेंजर महिपाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पिछड़ा मोर्चा भाजपा अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक योगेश कुमार, रामपाल सिंह, मेघनाथ सिंह, योगेंद्र सिंह, विकास कुमार, ग्राम प्रधान रामपुर चाठा सोमदत्त सैनी, दीपक कुमार सैनी, सहदेव प्रजापति आदि ने आम, पीपल, बरगद, पिलखन के पौधे लगाये।

## रामोद कुमार भाकियू प्रधान के जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ बने

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) ने रामोद कुमार ग्राम जगदीशपुर को उनकी सक्रियता व संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला अध्यक्ष, बिजनौर (व्यापार प्रकोष्ठ) के पद पर नियुक्त किया है। संगठन ने उनका नियुक्ति पत्र जारी कर उनसे उम्मीद जताई है कि वह संगठन की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर इसे मजबूत करेंगे।

## गायत्री साधकों ने उपवन में वृक्षारोपण किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गायत्री साधकों ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उपवन में वृक्षारोपण किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉक्टर दीपक कुमार ने कहा कि वृक्ष प्रकृति के परिधान हैं, वृक्ष जल दाता है, वृक्ष प्राण दाता है, वृक्ष आरोग्य दाता धन्वन्तरि है, वृक्ष कर्ण और दधीचि जैसे दान दाता है। शांतिकुंज से तरु पुत्र तरु मित्र योजना संचालित की गई है। एक वृक्ष लगाने व पुत्रवत पालने अथवा मित्रवत उसकी रक्षा करने का संकल्प दिलवाया गया। सुमन वर्मा, हरीश शर्मा, रेखा चौहान, कामेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राकेश मोहन भारती के आकस्मिक निधन से शोक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया पश्चिमाचल के प्रदेश महासचिव राकेश मोहन भारती का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन पर बौद्ध समाज एवं उनके शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। राकेश मोहन भारती सामाजिक एवं धम्म कार्यों के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने बौद्ध समाज के संगठन एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नेकपुर में किया गया। उनके निधन पर गोविंद सिंह व पूजा अस्पताल के मैनेजर सुभाष सिंह आदि ने गहरा शोक जताया।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की ( केवल धामपुर वाले को वरीयता )
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# सोशल मीडिया तक सीमित न रहकर जनता से सीधा संवाद करें- गुलाम मोहम्मद

## रालोद का जनसंवाद भाईचारा सम्मेलन



**नहटौर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) द्वारा 'जनसंवाद एवं भाईचारा सम्मेलन' का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा संगठन में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी करने पर बल दिया गया।**

रविवार को हल्दौर मार्ग स्थित बैंकट हॉल में आयोजित सम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथि रालोद विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर तथा पगड़ी बांधकर उनका जोरदार स्वागत किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद ने कहा कि आगामी चुनाव सामान्य चुनाव नहीं, बल्कि क्षेत्र के भविष्य तथा किसान, मजदूर और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने युवाओं को राजनीतिक बदलाव की रीढ़ बताते हुए सोशल मीडिया तक सीमित न रहकर बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक जनता के बीच जाकर सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और दलित समाज को साथ लेकर भाईचारा मजबूत करने पर बल दिया।

पूर्व सांसद एवं रालोद के राष्ट्रीय महासचिव मुंशीराम पाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल कभी भी नफरत की राजनीति में विश्वास नहीं रखता। पार्टी का इतिहास सर्वसमाज को साथ लेकर चलने का रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने वाली ताकतों को जनता आगामी चुनाव में करारा जवाब देगी तथा किसान, नौजवान और मजदूर एकजुट होकर रालोद को मजबूत कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप की अध्यक्षता तथा जयपाल सिंह के संचालन में आयोजित सम्मेलन को क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, नहटौर विधानसभा अध्यक्ष सुनील चेयरमैन, सुरेशपाल दरोगा, गौरव दहिया, महेंद्र प्रधान, धामपुर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, हनी तोमर, महाशय पूरण सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रेणु चौधरी, संजीव चौधरी, उदित प्रधान, राजेंद्र सिंह मटौरामान, राकेश कुमार, दिशांत राठी सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।

# रितु रानी ने चार साल के कार्यकाल में लोगों पर अमिट छाप छोड़ी

## जिले को मिले चार नये उपजिलाधिकारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश शासन ने कल आधी रात 182 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। बिजनौर को चार नये उपजिलाधिकारी मिले हैं। जबकि एसडीएम सदर श्रीमती रितु रानी का अमरोहा के लिये तबादला हुआ है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत रामपुर से अनुराग सिंह, मुरादाबाद से जितेन्द्र सिंह वीरवाल, हाथरस से प्रज्ञा यादव तथा गोरखपुर से प्रशांत वर्मा को बिजनौर स्थानांतरित किया गया है। श्रीमती रितु रानी लगभग चार वर्ष बिजनौर जनपद में रहीं। वह एसडीएम सदर, एसडीएम चांदपुर व एसडीएम धामपुर रहीं। इस दौरान श्रीमती रितु रानी ने अपने मृदु व्यवहार और कुशल प्रशासक के रूप में जनपदवासियों पर अमिट छाप छोड़ी। शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाने में उनकी कार्यप्रणाली अनुकरणीय रही। चार साल के स्वर्णिम कार्यकाल में रितु रानी ने अपनी सूझबूझ और दूरदर्शिता से कई बड़े विवादों को भी सुलझाया।

# जीवन के लिए पेड़ आवश्यक हैं, पेड़ लगाएं पार्यावरण बचाएं- चेयरमैन



**स्योहारा ( चिंगारी )।** वृक्षारोपण महायज्ञ महोत्सव के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' से कार्यकम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद स्योहारा की टीम ने ठाकुरद्वारा मार्ग पर वृक्षारोपण किया। रविवार की सुबह चैयरमैन फैसल वारसी व ईओ विजेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में वृक्षारोपण महायज्ञ महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम से कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद स्योहारा की टीम ने ठाकुरद्वारा मार्ग पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर चैयरमैन फैसल वारसी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सामाजिक गतिविधि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनिवार्य उपहार है। पेड़ हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) देते हैं, तापमान कम करते हैं, वर्षा लाते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। पेड़ लगाकर छोड़ देना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है, उसकी देखरेख करना और पालन-पोषण करना सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर समाजसेविका फरहा परवीन, नामित सभासद मनोज भटनागर, अमित शर्मा, अरविंद्र वाल्मीकि, प्यारेलाल सैनी, प्रधान लिपिक देवेंद्र सिंह लिपिक, मोहम्मद शान, अमित कुमार, शाहाब अहमद, आशु अहमद, नईम अहमद, फैय्याज अहमद आदि मौजूद रहे।



**भली लगे या बुरी...**

## मोदी की इंडोनेशिया यात्रा

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा से भारत-इंडोनेशिया संबंध और मजबूत हुए हैं। इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइल खरीदने की इच्छा जताई है जो भारतीय हथियारों की खरीद का संभवतः अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। इसके साथ ही दोनों देश मिल कर इंडोनेशिया के सवांग बंदरगाह का विकास करेंगे। इसके अलावा बैंगलुरू आईआईएम अपना परिसर खोलेगा तथा भारतीय यूपीआई तथा इंडोनेशिया के ई-भुगतान व्यवस्था में लिंक स्थापित होगा। दोनों देश अनेक क्षेत्रों में सहयोग, शोध एवं विकास को भी प्रोत्साहन देंगे। यात्रा के दौरान इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है तथा वे इंडोनेशियाई संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री भी बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने इंडोनेशियाई संसद को संबोधन में वहां चले स्वतंत्रता आंदोलन को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान का उल्लेख किया। जबकि मोदी और उनकी पार्टी तथा संघ परिवार हमेशा जवाहर लाल नेहरू को कोसता रहा और हर नाकामी के पीछे नेहरू बताता रहा है। पीएम मोदी ने उन्होंने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक द्वारा इंडोनेशिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री और उप-राष्ट्रपति को सुरक्षित निकाल कर भारत लाने का भी उल्लेख किया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो ने भारत व इंडोनेशिया के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भीतर भी भारतीय जीन्स हैं और इस कारण वे भारतीय शास्त्रीय संगीत से अत्यधिक आकर्षित होते हैं। इंडोनेशिया एक मुस्लिम बहुल देश है, लेकिन उसने परंपरागत रूप से प्राप्त भारतीय संस्कृति तथा सांस्कृतिक प्रतीकों को मजबूत बनाए रखा है। इसके साथ ही उसने अनेक अन्य मुस्लिम देशों के उलट अपने देश में मुस्लिम कट्टरपंथ व आतंकवादी संगठनों को जड़ें नहीं जमाने दी हैं। इस यात्रा के दौरान मोदी और सुबियांतो ने योग्याकार्ता स्थित एक हजार साल पुराने शिव मंदिर का दौरा भी किया। भारत इस मंदिर के जीर्णोद्धार में इंडोनेशिया की सहायता करेगा। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा ऐतिहासिक रही।

# पेपर लीक, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन, बैरिकेडिंग धकेलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे

## पुलिस से हुई नोकझोंक के बाद डीएम को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन



### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं रहीं मौजूद

**बिजनौर (चिंगारी)।** बेरोजगारी, पेपर लीक, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था व जनहित के अन्य मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। लंबे समय के बाद सपा के किसी प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भीड़ देखने को मिली। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को काफी देर तक पार्टी कार्यालय से बाहर नहीं निकलने दिया, जिससे सपाइयों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बाद में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग धकेलते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच गए और जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं एसडीएम सदर रितु रानी को 11 सूत्रीय ज्ञापन दिया।

प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सपा नेता अपने-अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए पार्टी कार्यालय पहुंचे। विधानसभा चुनाव का टिकट चाहने वाले कई संभावित दावेदार भी अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे। दोपहर तक पार्टी कार्यालय, कार्यकर्ताओं से खचाखच भर गया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कलेक्ट्रेट जाने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग कर दी थी। कार्यालय के बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

प्रदर्शन में प्रभा चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की। सबसे पहले महिलाओं ने कार्यालय से बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर रोक दिया। इसके बाद पुलिस और सपाइयों के बीच काफी देर तक नोकझोंक होती रही। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग धकेल दी और वे नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचने में कामयाब हो गये, जहां उन्होंने कुछ देर के लिये डीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी की बाद में उन्होंने ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने व रिक्त सरकारी पदों पर पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग की गई। साथ ही पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। सपा ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने, समय पर गन्ना भुगतान कराने तथा कृषि लागत कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी मांग की। ज्ञापन में भ्रष्टाचार पर कठोर अंकुश लगाने, सभी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था में सुधार कर महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल रही।

इसके अलावा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, धार्मिक स्थलों पर हो रही चोरी और असामाजिक घटनाओं पर रोक लगाने, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, बिजली, सफाई और जल निकासी जैसी मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने, संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने, शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल करने तथा बाढ़ सुरक्षा के लिए जनपद में तटबंधों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग भी की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि लोकतंत्र में जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हुई है। समाजवादी पार्टी ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल, जिला महासचिव धनंजय यादव, विधायक तसलीम अहमद, स्वामी ओमवेश, मनोज पारस व रामअवतार सैनी, नईमुल हसन, स्वाति वीरा, अनुज मलिक, राहुल सिंह, डा. रमेश तोमर, अमित प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, शेख जाकिर हुसैन, अनिल यादव व जमील अंसारी, सत्यपाल सिंह, दिलशाद अंसारी, हेमंत कुमार, प्रभा चौधरी, प्रमोद प्रधान, मदलाल सैनी, कुंतेश सैनी, राधा सैनी, शमशाद अंसारी, जावेद राईन, राशिद राईन, अखलाक पप्पू, अहमद खिजर, बीके कश्यप, श्रीक पंवार, अशोक आर्य, कामेंद्र तोमर प्रवेश चौधरी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।



# सपा नेता डॉ. महमूद भोलू के नेतृत्व में समर्थकों ने किया बिजनौर कूच



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू के नेतृत्व में सोमवार को जलालाबाद स्थित उनके निवास से सैकड़ों समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता बिजनौर जिला मुख्यालय पर आयोजित पार्टी के विशाल धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए निकले। सभी ने समाजवादी पार्टी, जनपद बिजनौर द्वारा जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जनसमस्याओं को लेकर आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में भाग लेकर जनता से जुड़े मुद्दों को बुलंद किया। इस अवसर पर डॉ. महमूद अहमद (भोलू) ने कहा कि यह प्रदर्शन पूरी तरह जनहित के मुद्दों को लेकर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार, किसानों को समय पर गन्ना भुगतान, महंगाई पर नियंत्रण, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, सड़क, बिजली व पानी की बेहतर व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश जैसी मांगों को लेकर समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगी। धरना प्रदर्शन में भाग लेने वालों में महमूद अहमद भोलू के साथ मौ. तबरेज, रफीक अहमद, इसरार अहमद, मौ. अय्यूब, मौ. यूसुफ, मौ. यूनुस, शमीम अहमद, मौ. असलम, मौ. अनीस, मौ. फरीद, मौ. खुर्शीद, मौ. समी, मौ. इरफान, मौ. शफीक, हबीब, शमी, शहजाद, रहमान, हाजी अनवार, खलील यासीन, हाजी जुल्फुकार, बिल्ला, शाहरूख, नौशाद, नासिर, अनवार, हनीफ, असलम, महबूब, अहसान, नसीम, कासिम, अबरार, नईम, इकबाल, शानू, मंजर, साबिर, फुरकान, रियासत, अनीस, शराफत, सईद अहमद, आतिफ आदि शामिल रहे।

# नोडल अधिकारी ने बी-पैक्स मंडावर में किया पौधारोपण

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत जिले के नोडल अधिकारी, आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता उ. प्र. लखनऊ योगेश कुमार ने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) मंडावर में पौधारोपण किया और वृक्षों की महत्ता के बारे में बताया। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के साथ वृक्षारोपण करने के लिये रविवार को बी-पैक्स मंडावर के परिसर में अधिकारियों का जमावड़ा लगा। मुख्य अतिथि, आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता उ.प्र. लखनऊ तथा जिले के नोडल अधिकारी योगेश कुमार रहे। उन्होंने अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में समिति परिसर में पौधारोपण किया तथा पेड़ों की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त उपनिबंधक वीर विक्रम सिंह, सीडीओ रणविजय सिंह, एसडीएम सदर रितु चौधरी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बिजनौर राजवीर सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी संदीप कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अमित वर्मा, एडीओ वीरपाल सिंह, बी-पैक्स मंडावर के चेयरमैन राजीव राजपूत, सहकारी संघ मंडावर के चेयरमैन पवन राजपूत, सेवानिवृत्त एमडी राजपाल सिंह, एमडी जगदीश सिंह, बी-पैक्स काजीवाला के चेयरमैन शिवपाल सिंह, बी-पैक्स जहांगीरपुर के एमडी मुनेन्द्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, सूर्यप्रताप सिंह, नवनीत कुमार, महावीर सिंह, गौरव राजपूत सहित काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बी-पैक्स मंडावर में पौधारोपण करते आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ योगेश कुमार तथा अन्य अधिकारी।



बी- पैक्स मंडावर में पौधारोपण करते आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ योगेश कुमार तथा अन्य अधिकारी।




वॉटर वर्क्स परिसर में पौधे लगाते पालिका कर्मचारी।

## नगर पालिका के वाटर वर्क्स परिसर में हुआ पौधारोपण

**नगीना ( चिंगारी )।** पौधारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को पालिका के वॉटर वर्क्स परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पालिका कर्मचारियों ने सभासदों व गणमान्य लोगों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक इत्तेदार जैदी, मुनीर आलम, संदीप बाल्मीकि, तलत अहमद, नरेश कुमार, रोहित कुमार, नामित सभासद लाला विनोद कुमार अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, सभासद गोपाल शर्मा, मकसूद उस्मानी, डॉ.भूपेश चौहान,कपिल पवार आदि मौजूद रहे।

# जानकी ज्वैलर्स की वेबसाइट की भव्य लॉन्चिंग



जानकी ज्वैलर्स के एग्जीबिशन का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए श्रीमती आभा रानी

## ज्वैलरी की प्रदर्शनी भी लगाई गई

**धामपुर ( चिंगारी )।** यदि आपको चांदी, सोने और हीरे की ज्वैलरी खरीदनी है तो आप वेबसाइट को लॉग ऑन करके शॉपिंग कर सकते हैं। वेबसाइट पर आपको सभी प्रकार की ज्वैलरी उचित मूल्य पर मिलेगी। ग्राहकों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई है लाला मालती प्रसाद सराफ की पौत्री श्रीमती अंकिता अग्रवाल और पौत्रवधू श्रीमती हिमानी अग्रवाल द्वारा जानकी ज्वैलर्स की फर्म खोलकर। कल नगर के वेलिना गेस्ट हाउस के सभागार में श्रीमती आभा रानी ने फीता काटकर जानकी ज्वैलर्स की वेबसाइट को लांच किया। इस अवसर पर ज्वैलरी की एग्जीबिशन और सेल भी लगाई गई। उन्होंने बताया कि कोई भी ग्राहक Janki jewels.com website पर login करके आभूषणों की खरीदारी कर सकता है। उन्होंने बताया कि ग्राहक 925 चांदी की खरीदारी भी कर सकते हैं। इस अवसर पर लगाई गई ज्वैलरी की एग्जीबिशन का अवलोकन धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति राणा, नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल आदि ने किया और ज्वैलरी के विभिन्न आइटमों को देखा। इस अवसर पर विजय प्रसाद अग्रवाल, सुनील गोयल, सुधीर अग्रवाल सराफ, शिवांग गोयल, मानस अग्रवाल, वंदना गोयल, नीलम गोयल, अजय कुमार पिंटू, पीयूष अग्रवाल, नमिता अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चौथे इमाम की शहादत पर बच्चों ने जंजीरों से मातम किया



**शेरकोट ( चिंगारी )।** चौथे इमाम जैनुल आबेदीन की शहादत के मौके पर शिया समुदाय के बच्चों ने जुलूस निकालकर जंजीरों से मातम किया गया। कल दोपहर तीन बजे हर साल की तरह मुहल्ला खुराड़ा सादात स्थित इमामबाड़ा में एक मजलिस का आयोजन किया गया, जिसको खिताब करते हुए मौलाना शिब्ते हैदर शेरकोटी ने कर्बला का वाकिया बयान किया और इमाम जैनुल आबेदीन पर किये गए जुल्म के बारे में तफसील से रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म ने हमेशा जुल्म का विरोध करने और हक़ व सच का साथ देने का संदेश दिया है। मौलाना की तखरीर से माहौल गमजदा हो गया और मौके पर मौजूद लोग रोने लगे। इसके उपरांत अंजुमन पैगामे हुसैनी के बैनर तले ताबूत जैनुल आबेदीन, जुलजुना व अलम का जुलूस बरामद हुआ। जुलूस मुहल्ले के परम्परागत रास्तों से होकर इमामबाड़ा पहुंचकर खत्म हो गया। जुलूस में सोगवार बच्चों ने जंजीरों से मातम कर खुद को लहुलुहान कर लिया। मातम करने वालों में आजम, शमन ,शाहवेज़, हादी राजा, आहिल रजा, गुलजार, आशु अरसलन, जमाल हैदर, फ़ज़ल तुफैल आदि शामिल हैं। आहिल रज़ा, हादी रज़ा, तुफैल,रंजीत आदि ने नोहाख्वानी की।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open


Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# सेंट पीटर्स स्कूल में हुआ इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन

## स्कूल कैबिनेट सदस्यों के रूप में विद्यार्थी हुये चयनित




**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय सेंट पीटर्स स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना नृत्य के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, रेवरेन्ड फादर बीजू, प्रधानाचार्या सिस्टर निकिता, सिस्टर्स और शिक्षकों की उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्कूल कैबिनेट सदस्य के रूप में चयनित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी नवनिर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। हेड बॉय कक्षा 12 के आर्यन कुमार, हेड गर्ल कक्षा 11 की याना वर्मा, वाइस हेड बॉय कक्षा 11 के ओम गोयल, वाइस हेड गर्ल कक्षा 11 की तनीषा मेहरा, स्पोर्ट्स कैप्टन कक्षा 10 (रोज़) के आरव कुमार एवं कक्षा 11 की वैष्णवी त्यागी, डिसिप्लिन कैप्टन कक्षा 10 (लिली) के संगम अग्रवाल एवं कक्षा 10 (रोज़) की हर्षिता चौधरी तथा कल्चरल कैप्टन कक्षा 10 (रोज़) के आर्यन्श चौधरी एवं कक्षा 9 (रोज़) की आयरा खान का चयन किया गया। इसके साथ ही अल्बर्ट आइंस्टीन हाउस कक्षा 10 (लिली ) के अंश सिंह एवं कक्षा 9 (रोज़) की अलीज़ा हसन, चार्ल्स डार्विन हाउस कक्षा 12 के मोहम्मद ज़ियाद खान एवं कक्षा 12 की आसिया नय्यर , अब्राहम लिंकन हाउस में कक्षा 12 के निशांत चौधरी एवं कक्षा 11 की इश्फा आलम बज़्मी तथा थॉमस एडिसन हाउस कैप्टन कक्षा 11 के भव्या चौधरी एवं कक्षा 9 (रोज़) की अस्बाह खान का चयन किया गया।

मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंह, ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर नि:संकोच संपर्क करने का आग्रह किया तथा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

अपने संबोधन में स्कूल प्रबंधन, रेवरेन्ड फादर बीजू ने सभी नव-निर्वाचित कैबिनेट सदस्यों को ईमानदारी, अनुशासन, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रिंसिपल रेवरेंड सिस्टर निकिता ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनें। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## व्यापारी एक मंच पर आकर अपनी आवाज़ बुलन्द करें : संजय जैन

### व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में व्यापारियों के हितों की सुरक्षा, संगठन को मजबूत बनाने तथा व्यापारिक समस्याओं के प्रभावी समाधान को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संस्था के नगर अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शीघ्र ही नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की पहली प्राथमिकता प्रत्येक छोटे-बड़े व्यापारी को व्यापार मंडल से जोड़ना है, ताकि सभी व्यापारियों की आवाज एक मंच से बुलंद हो सके। संजय जैन ने कहा कि आज के समय में व्यापारियों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों का समाधान तभी संभव है जब सभी व्यापारी एकजुट होकर संगठन के साथ खड़े हों।


संजय जैन

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और उनके सम्मान की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है तथा आगे भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन समय-समय पर प्रशासन एवं शासन के समक्ष व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाता रहेगा और उनके शीघ्र समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगा। व्यापारियों के हितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर संगठन पूरी गंभीरता के साथ अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब व्यापारी एकजुट होंगे, तभी संगठन और अधिक मजबूत बनेगा तथा व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## अमरनाथ यात्रा के लिए कल रवाना होगा शिवभक्तों का जत्था

**धामपुर ( चिंगारी )।** सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से कल 14 जुलाई, मंगलवार को 28 वें शिव भक्तों के जत्थे को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाड़ा पंजाब की धामपुर शाखा के संयोजक सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी ने बताया कि 14 जुलाई को प्रात: 11 बजे शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से प्रस्थान करने वाले शिव भक्तों के इस जत्थे को धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस 28 वीं अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले शिव भक्तों में धामपुर क्षेत्र के शिव भक्तों के अलावा दिल्ली और हरिद्वार के शिव भक्त भी शामिल रहेंग।

## बाइक पर टंगा थैला उतार, हो जाते हैं फ़रार

### बड़ी मण्डी में ऐसी घटनाएं बढ़ रहीं लगातार

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय बड़ी मण्डी में आने वाले लोगों की बाइकों से थैला उतारने अथवा सामान गायब करने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व कोई उचक्का एक बाइक से थैला उतार कर ले गया था, जिसमें एक छोटे से दुकानदार द्वारा अपनी दुकान के लिए गुटखा, पान मसाला, बीड़ी के बंडल रखे हुये थे। अब रविवार को ऐसी ही घटना पुन: घटित हो गई। बताया जाता है कि ग्राम सुहागपुर निवासी मौ. आसिफ अपनी पत्नी के साथ बाइक पर बड़ी मण्डी से सब्जी खरीदने आये थे। वह पास में ही अपनी बाइक खड़ी करके पत्नी सहित सब्जी खरीदने गये ही थे कि 10 मिनट बाद जब वह वापस आये तो बाइक के हैण्डिल में टंगा थैला गायब देखकर भौचक्के रह गये। उन्होंने इधर-उधर देखा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि थैले में लगभग 4 हजार रुपये की दवाई तथा अन्य सामान रखा हुआ था। जब उन्होंने आस-पास के व्यापारियों से इसके बारे में बताया, तो उन्होंने अपने यहां लगे सीसी टीवी कैमरे चेक किये तो एक युवक बाइक से थैला उतार कर ले जाता दिखाई दिया। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। अब पुलिस कैमरे खंगाल कर उस युवक तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।


अपनी बाइक के पास खड़ा परिवार

## सेवा सप्ताह के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर आयोजित



**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के अन्तर्गत स्थानीय मौहल्ला बाड़वान स्थित जैन धर्मशाला में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 80 से अधिक रोगियों की शुगर व ब्लडप्रेशर की जांच करने के उपरांत उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिला संगठन मंत्री शिव कुमार, जिला उपाध्यक्ष सौरभ मालपाणी, जिला सेवा सह प्रमुख अमित शर्मा, नगराध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, नगर मंत्री आर्यन दीक्षित व अंकित चौहान, जिला कोषाध्यक्ष उदित कुमार, बजरंग दल के अतुल कुमार सैनी, राज कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाली देहात पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बरूकी/बिजनौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना कोतवाली देहात पुलिस ने रविवार को गांव बरूकी में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस टीम ने चौकी बरूकी से बस स्टैंड, मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।



थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आम जन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान चौकी प्रभारी मुन्ना लाल यादव सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# एक दिन में जिले में रोपे गए 66 लाख से अधिक पौधे

## मंत्री अनिल कुमार ने कहा-पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित एक पेड़ मां के नाम थीम आधारित वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत रविवार को जनपद बिजनौर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। अभियान का मुख्य जनपदीय कार्यक्रम महात्मा विदुर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ, जहां उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक नागरिक को भावनात्मक रूप से प्रकृति से जोड़ने का प्रयास है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को मां का स्वरूप माना गया है और वृक्ष हमारी आस्था एवं परंपराओं के अभिन्न अंग रहे हैं। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। अभियान के नोडल अधिकारी एवं आयुक्त निबंधन एवं सहकारिता योगेश कुमार ने कहा कि




प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जनसहभागिता से जनपद में वृक्ष आवरण बढ़ाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

### 6 करोड़ पौधे लगाये जा चुके

प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक जनपद बिजनौर में करीब 6 करोड़ पौधों का रोपण किया जा चुका है। इस वर्ष अभियान के अंतर्गत एक ही दिन में 66 लाख से अधिक पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि वन विभाग की 29 नर्सरियों से आमजन को नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीसी जी राम, आरबी यादव, प्रभागीय निदेशक वानिकी जय सिंह कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा, गौकशी, एनडीपीएस और जीरो फेटेलिटी अभियान

## समेत लंबित मामलों पर एसपी ने दिये आवश्यक निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपराध गोष्ठी में एसपी अभिषेक झा ने बैठक में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आगामी श्रावण कांवड़ यात्रा एवं चेहल्लुम पर्व की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस लाइन सभागार में शनिवार रात अपराध गोष्ठी में एसपी अभिषेक झा ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा और चेहल्लुम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। गोष्ठी में यक्ष एप, सीसीटीएनएस, ई-साक्ष्य, ई-सम्मन प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा मिशन शक्ति अभियान, महिला संबंधी अपराधों की विवेचना, ऑपरेशन दहन, एनडीपीएस एक्ट के मामलों में कार्रवाई, जीरो फेटेलिटी अभियान तथा गौकशी के मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। एसपी ने लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, प्रभावी गश्त और जनसुनवाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी निर्धारित समय सीमा में लंबित कार्यों का निस्तारण सुनिश्चित करें। गोष्ठी में एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह, एएसपी देहात प्रकाश कुमार, एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव, एएसपी यातायात गौतम राय सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# एसपी ने पुलिस लाइन में किया पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत रविवार को बिजनौर पुलिस ने जिलेभर में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया। वर्ष 2026-27 के लिए पुलिस विभाग को 10,400 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रविवार को एसपी अभिषेक झा ने जनपद के सभी थानों, रिजर्व पुलिस लाइन और नई रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक गौतम राय, एएसपी सिटी डा. कृष्ण गोपाल सिंह, एएसपी देहात प्रकाश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार, दरोगा अशोक कुमार तोमर, राममेहर सिंह और मुसब्बिर अली सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस परिवार के सदस्य शामिल हुए।

# रालोद का भाईचारा सम्मेलन

## चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान




**चांदपुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में आयोजित भाईचारा सम्मेलन में पार्टी को और मजबूत बनाने, भाईचारे को मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जी-जान से जुट जाने का आह्वान किया गया।**

ग्राम स्याऊ में बिजनौर रोड स्थित मंडप में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता एवं आनन्द सिंह तोमर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गुलाम नबी ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को आगे लाने व महिलाओं की अधिक से अधिक भागेदारी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चौ. चरण सिंह व चौ. अजित सिंह के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि रालोद हमेशा ही किसानों, मजदूरों व आम लोगों के हितों के लिए संघर्ष करता चला आ रहा है। कार्यक्रम में रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, पूर्व विधायक चौ. सुखबीर सिंह, डा. नीरज चौधरी युवा रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष हनी तोमर, श्रीमती पूनम चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौ. धर्मपाल सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, रालोद के जिला महासचिव चौ. सबल सिंह, डा. विपिन तोमर, यशवीर सिंह एडवोकेट, रामेन्द्र सिंह, डा. राजीव कुमार, चन्द्रपाल सिंह, इश्तियाक अहमद, मुस्तफा प्रधान आदि मौजूद रहे।

# इन्वर्टर ठीक करते समय करंट लगने से मौत

**नहटौर ( चिंगारी )।** घर में इनवर्टर ठीक करते समय करंट लगने से एक कारीगर की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार ग्राम खेड़ीजट निवासी राजकुमार कपड़ा कारखाने में कारीगर था। रविवार की शाम करीब चार बजे वह अपने घर पर इनवर्टर ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गये। करंट लगते ही उसकी पत्नी ने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बिजली से छुड़ाया। आनन-फानन में परिजन झुलसे राजकुमार को सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और तीन पुत्रियों को रोते-बिलखते छोड़ गया है। राजकुमार की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।


राजकुमार का फाइल फोटो

# यूपी में पौधारोपण का नया विश्व रिकॉर्ड

## वन विभाग ने पूरा किया 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के वन विभाग ने पौधारोपण अभियान में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। प्रदेश में अब तक 35 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण पूरा किया जा चुका है। सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करते हुए उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी ने पौधारोपण में नया कीर्तिमान बना दिया है। पर्यावरण बचाने की ये मुहिम अब देश-दुनिया के लिए मिसाल बन गई है। वन विभाग के अनुसार, प्रदेशभर में चलाए गए व्यापक पौधारोपण अभियान के तहत लाखों लोगों की भागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया गया। अभियान में वन विभाग के साथ-साथ अन्य सरकारी विभागों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

एक दिन के भीतर 35 करोड़ पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाकर उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। पौधारोपण अभियान का उद्देश्य प्रदेश में हरियाली बढ़ाना, पर्यावरण संतुलन बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करना है। पर्यावरण बचाने की ये मुहिम अब देश-दुनिया के लिए मिसाल बन गई है। वन विभाग की ओर से लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित निगरानी और संरक्षण भी जरूरी है, ताकि ये पौधे बड़े होकर पर्यावरण को मजबूत बनाने में योगदान दे सकें। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लगातार पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई अभियान चलाए जा रहे हैं। 35 करोड़ पौधारोपण की उपलब्धि को प्रदेश के हरित क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### 5 जून को मिलाकर 40 करोड़ से ज्यादा पौधे

सरकार के अनुसार, विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 5,01,46,441 पौधे लगाए गए थे। वहीं 12 जुलाई को हुए 35,27,89,926 पौधरोपण को जोड़ने पर उत्तर प्रदेश में इस वर्ष अब तक 40,29,36,367 (40.29 करोड़) पौधे लगाए जा चुके हैं, जो राज्य के पर्यावरण संरक्षण अभियान में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### तकनीक से हुई रियल टाइम मॉनिटरिंग

वन विभाग ने इस अभियान की निगरानी के लिए एंड्रॉयड आधारित प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम (PMS) का उपयोग किया। पूरे अभियान के दौरान पौधरोपण का डेटा रियल टाइम में अपडेट होता रहा। सरकार के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार भी सभी पौधों की जियो-टैगिंग की व्यवस्था की गई, ताकि पौधरोपण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे और उनकी निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके।

### पूरे प्रदेश में चला महाअभियान

अभियान के तहत वन भूमि, ग्राम पंचायत, रेलवे, रक्षा विभाग, एक्सप्रेसवे, सड़कों, नहरों, औद्योगिक क्षेत्रों, चिकित्सा एवं शिक्षण संस्थानों, सरकारी परिसरों और किसानों की निजी भूमि समेत विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया।

### विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में रोपे गए सर्वाधिक 20 लाख पौधे

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सर्वाधिक 20 लाख पौधे रोपे गए। प्रदेश के राजकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परिसरों को हरित बनाने के साथ रोपे गए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का स्थायी अभियान बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को मिली नई ऊर्जा

35 करोड़ पौधारोपण महाअभियान में शिक्षा विभागों की सक्रिय भागीदारी ने हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की। विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक एक साथ हुए पौधारोपण ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाया। लाखों विद्यार्थियों की सहभागिता ने इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया। इसके साथ ही प्रकृति संरक्षण, हरित विकास और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

# न्यायालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ वृहद् वृक्षारोपण

## हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने लगाया रुद्राक्ष व बरगद का पौधा



पौधारोपण करते हुए न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल।

**बिजनौर (चिंगारी)।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल (उच्च न्यायालय, इलाहाबाद) ने रुद्राक्ष एवं बरगद के पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा वृक्षारोपण को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का आह्वान किया।



पौधारोपण करते हुए जनपद न्यायाधीश संजय कुमार।

कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश संजय कुमार ने सिंदूर का पौधा रोपित किया। इसके साथ ही जनपद न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर एडीजे प्रथम प्रशांत मित्तल, अपर प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) संजय कुमार सिंह, अपर विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) लोकेश नागर, अपर जनपद न्यायाधीश कमल दीप, अपर जनपद न्यायाधीश शहजाद अली, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नीतेश सिन्हा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम नरेंद्र कुमार, अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) शांतनु त्यागी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय आशीष थिरानिया, अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मयंक सिंह, सिविल जज (जूनियर डिवीजन-एफटीसी) विशाल शर्मा, चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण देशवाल, वन विभाग के अधिकारी, वन दरोगा तथा न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कविता

## वृक्षारोपण



वृक्षारोपण है एक उत्सव,
आओ इसे मनाएं।
सुंदर-सुंदर वृक्ष लगाकर,
धरती को खुशहाल बनाएं।
प्राणवायु फिर बढ़े धरा पर,
जीवन को सरल बनाएं।
हरियाली की शीतल छाया,
सबके मन को भाए।
फल-फूलों से महके उपवन,
पक्षी मधुर कलरव गाएं।
नदियां निर्मल, खेत हरे हों,
खुशियों के दीप जलाएं।
एक-एक पौधा रोप सभी,
उसकी रक्षा में लग जाएं।
आने वाली पीढ़ी को हम,
हरित धरोहर दे पाएं।
माननीय मुख्यमंत्री जी ने,
वृक्षारोपण का आह्वान किया।
आओ इसके प्रतिभागी बन,
फिर से हरित क्रांति लाएं।
वृक्ष हैं हमारे जीवनदाता,
इनका मान बढ़ाएं।
वृक्षारोपण है एक उत्सव,
आओ इसे मनाएं।।



-डॉ. उदिता राजपूत
अंग्रेजी विभाग
गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चान्दपुर-स्याऊ, बिजनौर

## यह पर्यावरण संरक्षण का एक महायज्ञ- अशोक राणा



**धामपुर (चिंगारी)।** अल्हैपुर ब्लॉक क्षेत्र की श्री कान्हा गौशाला, तीबड़ी में वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के तहत (पीपल, बरगद व पिलखन) के पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सब एक बहुत ही पवित्र और महान उद्देश्य के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक सामान्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी धरती मां को बचाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण देने का एक महायज्ञ है। इस वर्ष के वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 की सबसे सुंदर और भावनात्मक थीम है-'एक पेड़ मां के नाम' हमारी मां हमें जन्म देती है और हमारा पालन-पोषण करती है। ठीक उसी प्रकार, प्रकृति और हमारी धरती माँ हमें जीवनदायिनी हवा, जल और भोजन प्रदान करती है। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने कहा कि एक वृक्ष केवल पौधा नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, जल और जीवन का संकल्प है। कार्यक्रम में अंजनी कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी त्रिलोक चंद, खण्ड विकास अधिकारी, शबाना, ग्राम प्रधान, सचिव त्रिवेन्द्र, अंकुश, सौरभ, कृपाल, अमिताभ, अवनीश, आलम, सलमान, फारूख, क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## धामपुर शुगर मिल परिसर में 1700 पौधे किये रोपित, लक्ष्य 5 हजार किया निर्धारित

**धामपुर (चिंगारी)।** श्रम विभाग, बिजनौर द्वारा उपलब्ध कराए गए 1700 पौधों का रोपण धामपुर शुगर मिल परिसर में किया गया। इस अवसर पर गिरीशचंद्र आर्य क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जूनियर इंजीनियर सुभाष चंद्र, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं नोडल ऑफिसर अजयानंद त्रिपाठी तथा चेतन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से पौधा रोपित का अभियान का शुभारम्भ किया। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि शुगर मिल प्रबंधन द्वारा परिसर में कुल 5000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान डिस्टलरी हेड सुनील राणा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।

## स्योहारा विकास खंड में 18500 पौधे रोपे

**स्योहारा (चिंगारी)।** रविवार को विकास खंड स्योहारा की ग्राम पंचायतों में वृहद वृक्षारोपण जन अभियान के अंतर्गत विकास खंड की 85 ग्राम पंचायतों में 18500 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें ग्राम विकास, पंचायत राज विकास एवं राजस्व विभाग द्वारा पौधे रोपण किये गये। ग्राम पंचायत जयरामपुर में पांच हजार पौधे लगाये गये। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान ने किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में किया गया। बैठक में ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान द्वारा एक पेड़ मां के नाम अपने घर के आंगन, खेत की मेंढ आदि जगहों पर लगाने एवं पौधारोपण के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा हमारे ग्राम को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार, खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार, एडीओ समरपाल सिंह, पंचायत सचिव विपुल कुमार, आशीष कुमार, तकनीकि सहायक शीशपाल सिंह, रोजगार सेवक दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू देवी व संचालन एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने किया।



## नगर पालिका किरतपुर ने किया पौधारोपण



**किरतपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा कल एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता, पालिका कर्मियों, वार्ड सभासदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी माताओं के नाम विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की आवश्यकता है। पेड़ न केवल शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी आधारशिला हैं। नगर पालिका द्वारा कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वृक्षारोपण के बाद बच्चों एवं उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर पालिका के वार्ड सभासद, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम देवता की भूमि पर हुआ पौधारोपण




**नांगल सोती (चिंगारी)।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री ग्राम देवता ट्रस्ट नांगल सोती की भूमि पर वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 300 पौधे रोपित किये गये। नजीबाबाद डिपो के एआरएम सत्यम सिसोदिया, डिपो इंचार्ज संजीव शर्मा, राजीव राठी, संजू सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला, कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल आदि ने पौधारोपण किया। अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला ने बताया कि रविवार को नीम, बरगद, अमरूद, आम आदि 100 पौधे रोपित किये गये तथा शनिवार को 200 पौधे रोपित किये गये थे। उन्होंने बताया कि इस पूरे माह प्रत्येक रविवार को श्रद्धालु देव स्थल पर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाते हैं तथा परिवार की खुशहाली, समृद्धि हेतु मन्नत मांगते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से रोपित किये गये पौधों की देखभाल करने तथा उन्हें बकरियों आदि से बचाने की अपील की है।

## सौफतपुर बिजलीघर परिसर में 100 पौधे रोपे गये

**नांगल सोती (चिंगारी)।** सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र के परिसर में भी वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत रविवार को 100 पौधे रोपित किये गये। अधिशासी अभियंता नजीबाबाद रामकुमार, एसडीओ राहुल यादव, टीकम सिंह, ओमवीर सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, श्यामवीर, देव चौधरी आदि पौधारोपण अभियान में शामिल रहे।



सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र में पौधारोपण करते अधिशासी अभियंता रामकुमार।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ अत्यंत जरूरी : कटारिया

## वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत गोयली में ग्राम समाज की भूमि में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 हजार से अधिक पौधे रोपित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कटारिया, सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व परिवहन मंत्री उ.प्र. का स्वागत श्रीमती आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डा. दिनेशपाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने मौलश्री का पौधा रोपित किया। इसके पश्चात आकांक्षा चौहान, नितिन तेवतिया उपजिलाधिकारी चांदपुर, डा. दिनेश पाल शर्मा ने 'एक पेड़ मां के नाम' पौधा रोपित किया तथा ग्रामवासियों के सहयोग से 5000 से अधिक पौधे रोपित किये गये। विशिष्ट अतिथि आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पेड़-पौधें से हमें जीने के लिये ऑक्सीजन मिलती है। यदि 10 मिनट के लिए ऑक्सीजन किसी कारण न रहे तो सभी का जीवन खतरे में पड़ जायेगा।

कार्यक्रम का संचालन सलीम अहमद एडीओ ग्राम विकास ने किया। इस अवसर पर आमना ग्राम प्रधान, साजिद ग्राम प्रधान पति, विनय चौहान मण्डल अध्यक्ष, वरूण कटारिया, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत, विपिन कुमार, नीरज कुमार ग्राम पंचायत सचिव, अलसवा, सबिहा परवीन पंचायत सहायक तथा डा. फिरोज, इन्तजार मेहदी एडवोकेट, शाहजाद, जगराम, अल्का रानी, पिंकी, पूनम, शकुन्तला के साथ भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# गौवंश का वध करते एक गिरफ्तार, तीन फ़रार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव पुरूषोत्तमपुर उर्फ थेपुर के एक घर में चार व्यक्तियों द्वारा गौवंशीय पशु का वध करते हुए पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को 8 किलो गौ मांस व वध करने के उपकरण, रस्सी, बाट तराजू बरामद कर एक आरोपी को जेल भेज दिया, जबकि उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अकबराबाद चौकी प्रभारी अनु कुमार को सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव पुरूषोत्तमपुर उर्फ थेपुर में शाकिर पुत्र जमीरउद्दीन अपने घर में एक निराश्रित गौवंश पशु (बछड़े )का वध कर रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शकीर के घर पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से शाकीर को पकड़ लिया। उसके घर से तिरपाल में लिपटा हुआ 8 किलो मांस, पशु अवशेष, तीन छूरी, दो कुल्हाड़ी, रस्सी, लकड़ी का गुटखा, तराजू तथा 1 किलो का बाट बरामद किया। जब शाकिर से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गांव के सुल्तान उर्फ बेदू पुत्र रहीमुद्दीन, खालिद पुत्र सिराजुद्दीन, तालिब पुत्र सजाउद्दीन के साथ मिलकर आवारा फिर रहे एक बछड़े को पकड़कर वध किया तथा उसका मांस आपस में बांट लिया, मेरे हिस्से में 8 किलो गौ मांस आया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शाकिर को बीएनएस की धाराओं में जेल भेज दिया।



# राम वनवास की कथा सुन भावविभोर हुए भक्तजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां काकरान वाटिका में श्री रामकथा में वनवास प्रसंग सुन भक्त भावविभोर हो गये। कथा वाचक योगेंद्र ने बताया कि भरत ने राम के प्रेम में खड़ाऊ को राजसिंहासन पर रखकर राज किया। उन्होंने सभी से भरत के आदर्श चरित्र से प्रेरणा लेकर आपसी प्रेम और एकता से रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्रांति जी (विभाग प्रचारक), समिति अध्यक्ष खिलेंद्र, सचिव नितिन बालियान सहित संजीव शर्मा, बृजनंदन चौहान, वीरेंद्र पाल, गौरव यादव, शुभम शर्मा, अरविंद चौधरी, रूपेश चौधरी, राहुल राठी, सत्यवीर सिंह, दीपक राजपूत, मेघा गर्ग, अरविंद, तरुण गुप्ता मौजूद रहे। यजमान रजनीश, मुनेश्वर सिंह, बाला मंदिर समिति, राजकुमार राजा, शुभम गौड़, वंदना चौहान, भवी शर्मा, ओम गुप्ता सपरिवार ने श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटा।



# गौहत्या की झूठी शिकायत करने वाले का शांति भंग की आशंका में चालान

**शेरकोट ( चिंगारी )।** पुलिस ने गौ हत्या की झूठी शिकायत करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग करने की आशंका में चालान कर दिया। शनिवार की रात क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छीबरी में स्थित गौशाला में काम करने वाले रोहित पुत्र काली चरन ने 1076 पर कॉल कर ग्राम प्रधान बहादुर अंसारी पर गौशाला से चोरी छुपे गाय बेचने और उनका वध करवाने की शिकायत की थी। ये मामला सामने आने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। रविवार को पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता से मिलकर जानकारी करने और गांव में जांच किये जाने पर शिकायत झूठी पाए जाने पर पुलिस ने रोहित को हिरासत में ले लिया। सब इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत की गांव में जांच किये जाने पर प्रधान पर लगाए गए आरोप झूठे पाए गए। जबकि शिकायतकर्ता ने भी पूछताछ में बताया कि प्रधान ने शराब पीकर गौशाला में काम करने पर उसे डाट दिया था, इस बात से क्षुब्ध होकर उसने शराब के नशे में झूठी शिकायत कर दी थी। वहीं प्रधान बहादुर अंसारी ने बताया कि शनिवार को उनके द्वारा गौशाला में काम करने वाले रोहित को गौशाला में नशे की हालत में देखकर डांट दिया गया था और सही ढंग से ड्यूटी करने की हिदायत की गई थी। हल्का इंचार्ज इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि जांच में शिकायत झूठी पाई गई है। झूठी शिकायत करने वाले रोहित का शांति भंग करने की आशंका में चालान कर दिया गया है।


**धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड**

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए

**विशेष लोन सुविधा**

Salaried Loan

अब खास आपके लिए

**लोन लेना हुआ और भी आसान**

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।

कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

**हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?**

- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

**पात्रता (Eligibility)**

- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701

दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125

Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561

www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# होमगार्ड्स ने लगाए 3000 से अधिक पौधे

## चेयरपर्सन इंदिरा सिंह और कमांडेंट डॉ. वेदपाल चपराना ने किया पौधारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से होमगार्ड्स विभाग द्वारा रविवार को कालिका मंदिर परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष इंद्रा सिंह और जिला कमांडेंट डॉ. वेदपाल सिंह चपराना ने संयुक्त रूप से पौधा रोपित कर किया। इस दौरान होमगार्ड्स के जवानों ने आम, अमरूद, पीपल, सागवान समेत विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधे मंदिर परिसर में लगाए। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला कमांडेंट डॉ. वेदपाल सिंह चपराना ने बताया कि जनपद में तैनात 1096 होमगार्ड्स जवानों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। विभाग ने रविवार को 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन जवानों ने उत्साह के साथ 3000 से अधिक पौधे रोपित किए। उन्होंने बताया कि मानसून सत्र में 10 अगस्त तक 5100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर पालिका अध्यक्ष इंद्रा सिंह ने जिला कमांडेंट डॉ. चपराना के जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज को प्रेरित करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी हैं। डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि जिला कमांडेंट समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में



एडीसी सतेंद्र कुमार, बीओ कुंवर सिंह नेगी, वरिष्ठ लिपिक मुजीबुर्रहमान, शेर सिंह तथा बड़ी संख्या में होमगार्ड्स के जवान उपस्थित रहे।

# बिलाई शुगर मिल में मियावकी तकनीक से पेड़ लगाये गये




**हल्दौर ( चिंगारी )।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, यूनिट बिलाई में एनएलसी एरिया में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्षेत्रीय अधिकारी-बिजनौर ग्रीशचन्द्र आर्य और बिलाई मिल के यूनिट हेड भूपेंद्र सिंह और मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और मिल के बालक और बालिकाओं द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मियावकी तकनीक के द्वारा अनेक प्रकार के पेड़ लगाए गए। एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थाई समृद्धि बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है और इस पहल के माध्यम से बजाज हिंदुस्थान शुगर यूनिट बिलाई में अनेक प्रकार के पेड़ लगाए गए। इस मौके पर इकाई प्रमुख भूपेन्द्र सिंह के साथ-साथ सुभाष सिंह कैन हेड, संजय गोयल कारखाना प्रबंधक, कपिल कुमार त्यागी एडमिन एंड सिक्योरिटी हेड, कृष्ण कुमार दीक्षित सेल्स हेड, सुधीर कुमार ई.एच.एस हेड व सभी अधिकारी और कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा समाज की मीटिंग 15 को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्वकर्मा समाज की एक मीटिंग 15 जुलाई दिन बुधवार को शाम 4 बजे विश्वकर्मा मंदिर मण्डावर रोड पर होगी। मीटिंग विश्वकर्मा जयंती को भव्य तरीके से मनाने के संबंध में आहुत की गई है। यह जानकारी कृष्ण कुमार धीमान, रामपाल धीमान व राकेश कुमार धीमान मौ. जाटान ने दी।

# विधायक ओमकुमार ने किया पौधारोपण



## पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी

**नहटौर ( चिंगारी )।** जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नहटौर में 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद वृक्षारोपण महोत्सव एवं ग्रीन चौपाल आयोजित हुई। विधायक ओमकुमार ने वृक्षारोपण के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण तथा पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई।

रविवार को जेवीएम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ओमकुमार ने कहा की वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर ईओ ओम गिरि, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, राकेश सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन, नामित सभासद अंकुश अग्रवाल,व्यापारी नेता कपिल शर्मा, कुणाल चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिव्यांशु दहिया, महावीर सैनी, वन रेंजर जोशी, डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा सीएचसी नहटौर में विधायक ओमकुमार ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष आर्य के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।

# क्लब ने की गौ सेवा




**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया धामपुर की ओर से रविवार को गौ सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रोटेरियन ने गौ माता की सेवा करते हुए सभी सनातन परिवारों तक सेवा को प्राथमिकता दिए जाने का संदेश पहुंचाया। गौशाला में संस्था के अध्यक्ष रोटेरियन सरदार गगनदीप सिंह चावला, सचिव रोटेरियन सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी तथा कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी के निर्देशन में रोटरी परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के मस्तक पर तिलक लगाकर उनके लिए चारे का लंगर आयोजित कर किया गया। गौशाला के संस्थापक एवं नगर के प्रसिद्ध पुरोहित आचार्य डॉक्टर दिनेशचंद भारद्वाज ने गौशाला की स्थापना से संबंधित उद्देश्यों की बिंदुवार जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता में वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, रोटेरियन डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, मनीष गर्ग, शिवेंद्र अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, ललित गर्ग, संदीप चौधरी, पुलकित अग्रवाल, मुकुल सिंह, अनुराग अग्रवाल, संजय वर्मा, शिवम नंदा, तरुण शर्मा, विपिन मिश्रा आदि का योगदान रहा।

# सुनील राजपूत बने भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ता सुनील राजपूत अब पार्टी के जिला कार्यालय का कामकाज देखेंगे। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने उनकी सक्रियता, समर्पण एवं पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है।

बता दें कि सुनील कुमार राजपूत भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न प्रकोष्ठों एवं कार्यक्रमों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ में जिला सह संयोजक, लघु उद्योग प्रकोष्ठ में जिला संयोजक, सुशासन केंद्र राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वयक के जिला संयोजक आदि पदों पर रहकर सक्रिय योगदान दिया है। सुनील राजपूत ने कार्यालय मंत्री नियुक्त करने के लिये जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौहान बॉबी, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री नवाब सिंह नागर एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है, वे उसे पूरी तन्मयता और समर्पित भाव से पूरा करेंगे। यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें जिला कार्यालय की देखरेख का जिम्मा मिला है।

# हल्दौर नगर पालिका ने किया पौधारोपण



**हल्दौर ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद हल्दौर द्वारा अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा के नेतृत्व में एक वृक्ष मां के नाम थीम के तहत मुख्यमंत्री जी के प्रदेश व्यापी वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में 50 पौधे रोपित किए गए। इनमें से कुछ औषधि पौधे तथा सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष भी रोपित किए गए। इसी के साथ ही कस्तूरबा से आए बच्चों ने एक वृक्ष मां के नाम के संबंध में अपनी-अपनी सुंदर प्रस्तुति रखी। सभी ने रोपित किए गए पौधों के रखरखाव / अनुरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभासदगण एवं समस्त नगर पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।**

# डॉ. सुनीत गिरि बने शिक्षक संघ के प्रत्याशी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इस वर्ष के अंत में होने वाले बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने जीजी इंटर कॉलेज, मुरादाबाद के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. सुनीत गिरि को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। रविवार को लखनऊ स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित चयन समिति की बैठक में निर्वाचन क्षेत्र के सभी नौ जिलों के जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री प्रत्याशी चयन के लिए उपस्थित हुए। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने डॉ. सुनीत गिरि के प्रति अपनी आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें निर्विरोध प्रत्याशी चुना। डॉ. सुनीत गिरि पिछले 20 वर्षों से शिक्षक राजनीति में सक्रिय हैं। वह जिला



मंत्री, मंडलीय मंत्री, मंडलीय अध्यक्ष तथा प्रदेश मंत्री जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। डॉ. सुनीत गिरि के प्रत्याशी घोषित होने पर माध्यमिक शिक्षकों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

# मालन में उफान आता है जब पुल भी निरर्थक हो जाते तब

नांगल सोती ( चिंगारी )। कहते हैं कि नदियां जब रौद्र रूप धारण करती हैं, तो उन पर बने पुल भी निरर्थक बनकर रह जाते हैं। इसका सटीक उदाहरण ऐतिहासिक मालन नदी है। मूसलाधार बारिश में इस नदी में ऐसा उफान आता है कि कई जगहों पर स्थायी पुल बने होने के बावजूद नदी का उफान लोगों की राह रोक देता है। इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज मालन ( मालिनी ) नदी जिले के कई स्थानों से होकर बहती है। इसी नदी के किनारे हमारे देश को वर्तमान नाम भारत देने वाले राजा भरत का जन्म हुआ था। सर्दियों और गर्मियों के मौसम में तो मालन नदी में बहुत कम जल बहता है। गर्मियों में नदी की धारा सूख भी जाती है। लेकिन बरसात में जब मूसलाधार बारिश होती है, तब मालन में जबरदस्त उफान आता है। मालन का यह उफान ऐसा होता है कि कई स्थानों पर स्थायी पुल बने होने के बावजूद नदी रास्ता बंद कर देती है। लोगों के लिये नदी के पार जाना असंभव सा हो जाता है।

## नांगल-मंडावर-बिजनौर मार्ग का पुल

*नांगल, चंदक क्षेत्र से बिजनौर जाने का सुगम मार्ग मंडावर से होकर जाता है, जो कि मंडावली-बिजनौर जिला मार्ग कहलाता है। उक्त मार्ग पर मंडावर और बिजनौर के मध्य मालन नदी का पुल पड़ता है। लेकिन जैसे ही मूसलाधार बारिश होती है और मालन में उफान आता है, तो पुल के समीप बिजनौर की ओर सड़क के ऊपर तीव्र रफ्तार से इतना ज्यादा पानी बहने लगता है कि सभी प्रकार के वाहनों के लिये यातायात बंद हो जाता है। विगत शुक्रवार को भी मानसून की पहली बारिश में ही यह मार्ग बंद हो गया था।*

## मंडावली-मुअज्जमपुर मार्ग का पुल

*नया गांव ( मंडावली )-मुअज्जमपुर मार्ग पर क्षेत्रवासियों के लंबे संघर्ष के बाद लकड़झान तथा मालन नदियों पर पुल बने हुये हैं। इन पुलों के बनने से क्षेत्रवासियों को बड़ा लाभ मिला। मगर बरसात में जब भी मूसलाधार बारिश होती है और मालन नदी में उफान आता है, तो पुल से कुछ दूरी पर सड़क के ऊपर भारी मात्रा में पानी बहने लगता है। नतीजतन रास्ता बंद हो जाता है। इससे वहां की सड़क भी हर वर्ष टूट जाती है। बीते शुक्रवार को भी यह मार्ग बंद हो गया था।*

## बुड़गरा-भोजपुर मार्ग का पुल

बुडगरा-भोजपुर मार्ग पर मालन नदी का पुल बनाये जाने की मांग भी लम्बे समय से हो रही थी। पुल बनने से मालन के दोनों ओर बसे गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली। लेकिन बरसात में मूसलाधार बारिश होने पर पुल के समीप बुडगरा की ओर की सड़क पर दूर तक भारी जलभराव हो जाता है। जब-जब मालन में उफान आता है, पुल होने के बावजूद पानी लोगों का रास्ता रोक देता है।

# विद्यालयों में आये वन विभाग के अधिकारी छात्रों को दी पर्यावरण संरक्षण की जानकारी



नगीना ( चिंगारी )। वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत नगीना रेंज के वन विभाग के अधिकारियों द्वारा स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। वन विभाग द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व गोयल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण व गुलदार के हमले से बचाव के उपाय समझाए गए। कार्यक्रम में जादूगर वी सम्राट तथा उनकी टीम द्वारा वन संरक्षण, अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर ग्राम मौथेपुर कीरत में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों को गुलदार से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा, वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार, सत्यवीर, अनिल कुमार, विशाल प्रताप सिंह, लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# याद रखें, संगठन में ही शक्ति है - धर्मेंद्र चौधरी



नूरपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी रविवार की अपराह्न अमरोहा से धामपुर जाते हुए कुछ समय के लिए पीपला जागीर स्थित यूनियन के ब्लॉक कार्यालय पर रुके, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान धर्मेन्द्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हिदायत देते हुए कहा कि संगठन में एक-दूसरे की कमियां निकालने के स्थान पर उनकी अच्छाइयों पर ध्यान देना चाहिए। संगठित रहने में ही शक्ति है। इस अवसर पर अमरोहा जिलाध्यक्ष चौधरी राजेन्द्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष बलराम सिंह,गजरौला ब्लॉक मीडिया प्रभारी कुलदीप सिंह, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद शमशेर, अभय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज के मेधावी विद्यार्थी सम्मानित किये



चांदपुर ( चिंगारी )। ब्राह्मण विकास सेवा समिति द्वारा बिहारी संस्कृत महाविद्यालय में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेशचन्द्र गौड़ की अध्यक्षता एवं चतुर्भुज पांडे के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में इंटर में आधारशिला स्कूल के ध्रुव पांडे, रिद्धिमा पाराशर, मनु शर्मा, मानवी शर्मा, नक्ष शर्मा, शुभ वशिष्ठ, हेजलमून स्कूल की छात्रा कनिष्का शर्मा, शकुंतला कन्या इंटर कालेज की छात्रा सलोनी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा अंशिका शर्मा, हिन्दू इंटर कालेज के छात्र बादल शर्मा, तुषार शर्मा व सर्वोदय विद्यापीठ कन्या इंटर कालेज की छात्रा इशिका तथा हाईस्कूल में शांभवी भारद्वाज, नंदिनी शर्मा, गार्गी शर्मा, आदित्य शर्मा, शक्ति शर्मा, प्रियांशु पारिक, पावनी भारद्वाज, वैदेही, आशु, रिमझिम, अंश शर्मा, वंश, वैभव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका रजनी गौड़ ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नूरपुर ( चिंगारी )। नूरपुर-स्योहारा मार्ग पर ग्राम भूतपुरी के पास कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जनपद अमरोहा के कस्बा बछरायूं के मोहल्ला पीरजादगान निवासी युवक सूरज (26) पुत्र धन सिंह रविवार की दोपहर बाइक द्वार स्योहारा से अपनी रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहा था। जब वह ग्राम भूतपुरी के पास पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया। हादसे के बाद कार चालक कार छोड़कर मौके से फ़रार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई श्रवण कुमार ने घटना के सम्बंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।



मृतक का फाइल फोटो

## छोड़कर कार चालक फ़रार

# आभा फाउंडेशन ने दो ग़रीब बहनों की शादी कराई 51-51 हजार का चैक देकर दोनों को दी विदाई

चांदपुर ( चिंगारी )। सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन ने दो और गरीब बहनों की अपने खर्च से शादी कराकर सराहनीय कार्य किया। ग्राम जलीलपुर स्थित विवाह मंडप में आयोजित कार्यक्रम में आभा फाउंडेशन की ओर से खादर क्षेत्र के ग्राम कमालपुर खानपुर खादर निवासी दो सगी बहनों की शादी कराई गई। इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की ओर से दोनों नवदम्पति को नये जीवन की शुरुआत के लिए 51-51हजार रूपए का चैक देकर नवदम्पत्ति के सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही बारातियों व विवाह समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। मालूम हो कि इससे पूर्व भी आभा फाउंडेशन की ओर से 114 जरूरतमंद बेटियों का विवाह कराये जाने के साथ हजारों लोगों के मोतियाबिंद के आप्रेशन, चश्मे, दवाइयां, मशीनें, कम्बल व साइकिल वितरण किया जा चुका है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ऐसे सामाजिक कार्य जरुरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। लोगों ने श्रीमती आभा सिंह के सेवाभाव, समर्पण और समाज के प्रति उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



# पूर्ति निरीक्षक ने बाबूराम तोमर सहित 4 के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**नगीना ( चिंगारी )।** पूर्ति निरीक्षक ने सरकारी काम में बाधा डालने व अपने साथ कथित बदसलूकी करने के आरोप में किसान नेता बाबूराम तोमर, सोनू सहित चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ नगीना थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

नगीना थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में पूर्ति

## बदसलूकी और काम में बाधा डालने का आरोप

निरीक्षक अनुज कुमार ने कहा है कि गांव मिट्ठेपुर निवासी संतोष, भगवान सिंह, रविकुमार व विनेश द्वारा गांव की राशन डीलर रणजीत कौर के खिलाफ दो जुलाई को जिला पूर्ति अधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र पर डीएसओ के आदेश पर उन्होंने एक टीम के साथ उचित दर विक्रेता रणजीत कौर की दुकान पर शिकायत की जांच की थी। दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि जब वह अपने कार्यालय में जांच आख्या तैयार कर रहे थे तो आरोप है कि उसी समय सोनू (किसान यूनियन अध्यक्ष टिकैत ग्रुप तहसील नगीना) अपने भतीजे रणजीत कौर के पुत्र व बाबूराम तोमर पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन (टिकैत) करीब 22 लोगों के साथ आए तथा पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा सक्षम प्राधिकारी को रिपोर्ट जाने संबधी जांच आख्या से पूर्व जांच का निष्कर्ष जानने की अपेक्षा की गई। पूर्ति निरीक्षक द्वारा यह कहने पर कि वह जांच आख्या तैयार कर रहे हैं और शासनादेश व नियम/अधिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत आख्या सक्षम अधिकारी को दी जाएगी। किसान यूनियन नेताओं ने पांच मिनट की चेतावनी के बाद धरना प्रदर्शन आपूर्ति कार्यालय के गेट पर शुरू कर दिया। जब वह मुख्यालय जाने लगे तो उनके साथ धक्का-मुक्की कर उन्हें रोकने का प्रयास किया। आरोप लगाया गया कि उनके साथ अभद्रता की गई और सरकारी काम में बाधा डालकर जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। सीओ राजेश कुमार सोलंकी ने रविवार को सोनू, रणजीत कौर के पुत्र, बाबूराम तोमर, योगेंद्र सिंह व अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

### झूठा मुकदमा दर्ज कराया - तोमर

**नेता बाबूराम तोमर का कहना है कि हम कोई गलत काम नहीं करते है। अपने हको की लड़ाई लड़ना हमारा संवैधानिक अधिकार है। यदि थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई है तो हम पूछेंगे कि आखिर हमने क्या गलत किया है। उन्होंने कहा कि जिस वीडियो को आधार बनाकर मुकदमा लिखवाया गया है, उसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। हमने न तो गाली-गलौच की है, न ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया है और न ही कोई असवैधानिक शब्द बोला है। पूर्ति निरीक्षक ने अपनी कमियों पर पर्दा डालने के लिये झूठा मुकदमा दर्ज कराया है।**

# हुमा परवीन बनी डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में ब्रांच टॉपर

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना की होनहार बेटी हुमा परवीन डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में 9.5 सीजीपीए विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त कर ब्रांच टॉपर बनी, जिससे उसके परिवार में खुशी का माहौल है। क़ाज़ी सराय निवासी इंजीनियर जावेद निसार की होनहार पुत्री हुमा परवीन ने बताया कि उन्होंने 2022 में एलआरएस एकेडमी नगीना से 86 प्रतिशत अंकों के साथ सीबीएसई की हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 2023 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी नई दिल्ली की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर कैंपस के यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक डिपार्टमेंट में डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में प्रवेश प्राप्त किया था। वर्ष 2026 की छठे सेमेस्टर की परीक्षा में 95.6 सीजीपीए विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी प्राप्त कर संस्थान में ब्रांच टॉपर बनी। हुमा परवीन क्षेत्र के मजबूत नेताओं में शुमार रहे पूर्व एमएलसी मरहूम निसार अहमद की पौत्री हैं।



# जगह-जगह किया गया वृक्षारोपण



वृक्षारोपण करते सुरेंद्र सिंह व रेंजर अंकिता किशोर।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' महायज्ञ के दौरान जगह-जगह वृक्षारोपण किया गया। अफजलगढ़ ब्लॉक के संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने जीवन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला और इन्हें जीवन में अति महत्वपूर्ण बताया। उधर, अमानगढ़ वन रेंज एरिया में वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर एवं वन रेंज के अन्य वनाधिकारियों, कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान अंकिता किशोर ने सभी से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने एवं उसके संरक्षण का आह्वान किया।**

# गुलदार ने बैल पर किया हमला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम आलमपुर गावड़ी निवासी विनोद कुमार रविवार की शाम पशुओं को चराकर घर लौट ही थे कि पास ही में छिपे गुलदार ने उनके एक बैल पर अचानक हमला बोल दिया। किसान द्वारा शोर मचाने पर गुलदार खेतों की ओर भाग निकला। ग्राम में हुई अचानक ऐसी घटना से भयभीत किसान वीरेंद्र सिंह, मदन सिंह, धर्मपाल, राजपाल, ओमप्रकाश, बहादुर, रतन सिंह एवं सुरेंद्र सिंह ने वन विभाग से गुलदार को शीघ्र पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गुलदार की आवाजाही से किसानों और पशुपालकों में दहशत बनी हुई है। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वह स्टाफ को भेजकर जानकारी कराकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ताकि किसानों को भविष्य में कोई दिक्कत परेशानी न हो।

# नूरपुर के अमरनाथ यात्रा जत्थे का बिजनौर में स्वागत हुआ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज बाबा अमरनाथ सेवा समिति नूरपुर की 15वीं अमरनाथ यात्रा जत्थे का कार्तिक अस्पताल के सामने चड्ढ़ा ग्रुप के जी.एम. कोमल चौधरी व स्टाफ के द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा सफल यात्रा की जत्थे को शुभकामनाएं दी गयी। अशोक चौधरी की अगुवाई में पिछले 15 वर्षों से बाबा अमरनाथ यात्रा के लिये जत्था रवाना होता है। इस बार भी यात्रा में 55 लोग शामिल है, जो माता वैष्णों देवी के साथ-साथ बाबा अमरनाथ के भी दर्शन करेंगे। जत्थे का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से चड्ढा ग्रुप के जी.एम. कोमल चौधरी, सुबोध शर्मा, शकील अहमद, अमित कर्णवाल, सुरेन्द्र सिंह, सुशील कर्णवाल आदि शामिल थे।

# स्कूल के गेट के सामने रखा ट्रांसफार्मर, दुर्घटना का डर




**चांदपुर ( चिंगारी )।** स्कूल के गेट के सामने रखे विद्युत ट्रांसफार्मर से हर समय खतरा बना रहता है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने प्रशासन से बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के गेट के सामने रखे विद्युत ट्रांसफार्मर को वहां से हटाये जाने की मांग की है। जिलाधिकारी, बीएसए व विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता आदि को प्रेषित पत्र में नगर के धनौरा रोड स्थित माधो प्रसाद जू.हा. स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में 250 बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल के गेट के सामने रखे ट्रांसफार्मर से हर समय खतरा बना रहता है।

# पहाड़ों पर हो रही बारिश का असर मैदानी इलाकों में आ रहा नज़र

## तरकोला-नसीरपुर मार्ग पर बह रहा गांगन नदी का जल

**नहटौर ( चिंगारी )।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई देने लगा है। भारी वर्षा के चलते गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के तरकोला-नसीरपुर मार्ग पर नदी का पानी सड़क के ऊपर बहने लगा है। इससे मार्ग पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया है और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नसीरपुर में सड़क पर जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए सफर करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कई बाइक सवार पानी में फिसलकर गिर चुके हैं, जिनमें कुछ लोगों को चोटें भी आई हैं। वहीं पैदल आने-जाने वाले लोगों को भी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है। इस मार्ग से नसीरपुर, मिर्जापुर, जसमोरा, मुस्सेपुर सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों, बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए आते-जाते हैं। सड़क पर पानी भर जाने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। मजबूरी में ग्रामीण जान जोखिम में डालकर जलभराव वाले मार्ग से निकलने को विवश हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में गांगन नदी का पानी सड़क पर आ जाता है, जिससे घंटों तक यातायात प्रभावित रहता है। कई बार छोटे वाहन बीच रास्ते में बंद हो जाते हैं और लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।



# अधर में लटका कालाखेड़ी अंडरपास निर्माण कार्य

## परेशानी झेल रहे क्षेत्रवासी

निखिल चौहान

**नगीना ( चिंगारी )।** कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर बन रहा अंडरपास स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना है। अंडरपास पर सवा साल बाद भी खुदाई का कार्य अधूरा पड़ा है। नगीना से लेकर देश की संसद तक प्रतिनिधियों ने इस समस्या को जोरदार तरीके से उठाया, लेकिन जिम्मेदारों ने अपनी आंखें मूंद रखी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मार्च 2023 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नगीना दौरे के दौरान स्थानीय जनता ने उनसे कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाए जाने की मांग की थी। रेल मंत्री की सहमति के बाद 17 फरवरी 2025 को अंडरपास बनाए जाने के लिए कार्य का टेंडर लेने वाली कंपनी द्वारा भूमि पूजन किया गया था। 22 फरवरी 2025 को रेलवे ने अंडरपास के लिए होने वाले निर्माण कार्य के नाम पर रेलवे फाटक को बंद करने का आदेश दे दिया था। कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अंडरपास के लिए खुदाई का कार्य विधिवत प्रारंभ तो हुआ, लेकिन बीच में खुदाई का कार्य देख रहे इंजीनियर व कर्मचारी काम बीच में छोड़कर चले गए। इसके बाद समय-समय पर समाचार-पत्रों में खबरें छपीं तो एक-दो दिन खुदाई का कार्य होता रहा, लेकिन

### सांसद का कहना है..



देश की संसद में व रेल मंत्री को पत्र लिखकर कई बार कालाखेड़ी रेलवे फाटक की समस्या का मुद्दा उठा चुका हूं। अब जब भी संसद का सत्र होगा इस मुद्दे को पुन: संसद में उठाऊंगा।

-चंद्रशेखर आजाद, सांसद
नगीना लोकसभा क्षेत्र।

### निर्धारित अवधि के 15 माह बाद भी कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर नहीं बन सका अंडरपास



**नगीना में कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरा पड़ा अंडरपास का कार्य।**

रेलवे फाटक बंद करते समय अंडरपास बनाए जाने की निर्धारित की गई चार माह की अवधि के सापेक्ष 15 माह बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। अंडरपास के अधूरा पड़ा रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## परेशान हैं कॉलोनीवासी

नगर की सबसे बड़ी आजाद व तूफान कॉलोनी में करीब सात से आठ हजार लोग निवास करते हैं। इसी मार्ग से आगे ग्राम कालाखेड़ी व अन्य कई गांव आते हैं। आबादी को शहर से जोड़ने एकमात्र रास्ता कालाखेड़ी फाटक ही है। पिछले करीब 15 माह से यहां के लोगों को करीब एक किलोमीटर दूर स्थित नगीना-कोतवाली मार्ग के फाटक पर होकर आना पड़ रहा है।

### इनका कहना है..



व्यापारी नेता अब्दुल कय्यूम राईन का कहना है कि पिछले साल बरसात के दिनों में अधूरा छोड़े गए गड्ढे में पानी भी भर गया था, जिससे दुर्घटना का खतरा बना गया था। उन्होंने कहा कि अब फिर बरसात का मौसम चल रहा है जिससे और खतरा बढ़ गया है। उन्होंने रेलवे विभाग से अंडरपास के कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की है।



हैंडीक्राफ्ट कारोबारी इरशाद मुल्तानी का कहना है कि अंडरपास आजाद कॉलोनी के लोगों के लिए सिर दर्द बन गया है। स्थानीय लोगों को लगता था कि अंडरपास बन जाने से उनकी समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन अंडरपास निर्माण कार्य रुकने और फाटक बंद होने से क्षेत्रवासियों पर दोहरी मार पड़ रही है।



व्यापारी नेता पंडित सचिन शर्मा का कहना है कि अंडरपास के अधूरे पड़े होने की समस्या से आजाद व तूफान कालोनी के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि जिस ठेकेदार ने इस काम का टेंडर लिया है उसे इस काम को अतिशीघ्र पूरा करना चाहिए ताकि रेलवे विभाग की योजना का लाभ जनता को लाभ मिल सके।



युवा सार्थक गुप्ता का कहना है कि अंडरपास का कार्य जिस गति से वर्तमान में चल रहा है, उससे नहीं लगता कि वह जल्द पूरा हो जाएगा। उन्होंने रेल विभाग के अधिकारियों से जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए इसे तत्काल पूरा कराए जाने की मांग की है।

## कैम्प में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दी गई दवा

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर में द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल सतपुली व हरिद्वार बहादराबाद द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप में आंखों की जांच, शुगर, बीपी, हड्डियों से संबंधित व अन्य अनेकों बीमारियों की जांच की गई। जांच कर सभी मरीजों को दवाई दी गई। आंखों के लिए चश्मा भी वितरित किए। डॉक्टर शुभम देशवाल, अशोक कुमार, जितेंद्र सिंह, मनीष चंद्र, विमल हिंदवान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर आर्य सुगंध संस्थान की प्रबंधक कमलेश आर्य, ओम प्रकाश वैद्य, सुन्दर गोयल आदि का सहयोग रहा।


DISTANCE AND ONLINE COURSES

➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc

ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774




## विधायक व व्यापारी नेता ने किया डिस्काउंट वर्ल्ड का उद्घाटन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विधायक हाजी तसलीम अहमद व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने संयुक्त रूप से चौक बाजार स्थित डिस्काउंट वर्ल्ड का फीता काटकर शुभारंभ किया। डिस्काउंट वर्ल्ड के स्वामी पूर्व सभासद कमर खान के बेटे इंजीनियर समर को दोनों अतिथियों ने आशीर्वाद देकर उनके प्रतिष्ठान के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मनसूब खान, सुभाष राजपूत, पूर्व सभासद शहन, अशरफ, इकबाल मिर्जा, अनीस एडवोकेट, मोनू टाटा, रईस कुरैशी, दीपांशु, इकबाल सिद्दीकी, शाकिर खान, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी सहित काफी संख्या में शहर के राजनीतिक सामाजिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पोस्टर प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे सम्मानित



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा विकास क्षेत्र नजीबाबाद में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय का समस्त स्टाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय के बच्चे, प्राथमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर विज्ञान एआरपी डॉ. राहुल वर्मा द्वारा विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया तथा पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में गुलनाज प्रथम, अल्फिशा द्वितीय व गरिमा तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर डॉ. नीतू शर्मा, जियाउर्रहमान, सविता शर्मा, प्रभा, पूजा राजपूत, मीना, प्रीति, राहिला अंजुम, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण अभियान के तहत विद्यालय में किया गया वृक्षारोपण



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी के आदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद सहित ब्लॉक के समस्त विद्यालयों में पौधारोपण किया गया। इस अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम से रविवार होने के पाश्चात्य विद्यालयों को खोलकर पौधे लगाये गये। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन की उपस्थिति में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शहनाज, शाहजहां, बी नजमा, कुमुद सिंहल, विनीत आदि ने विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया।

# बदरीनाथ मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण: पुलिस को अहम सुराग मिले

**चमोली ( चिंगारी )।** बदरीनाथ मंदिर के चढ़ावे की हेराफेरी मामले में पुलिस को जांच के दौरान कई अहम सुराग मिले है। पुलिस को मंदिर परिसर और गणना कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अहम साक्ष्य मिले हैं। फुटेज में बीकेटीसी का आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल मोबाइल फोन के नीचे नोटों की गड्डी, सोने-चांदी जैसे सिक्के और धार्मिक वस्तुएं लेकर बाहर निकलता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इन साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की तैयारी भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दो जुलाई की सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया गया है। इसमें आरोपी कर्मचारी तीन अलग-अलग बार गणना कक्ष में प्रवेश करता और हर बार हाथ में कुछ सामान लेकर बाहर आता दिखाई देता है। उस समय गणना कक्ष में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की गिनती चल रही थी। फुटेज में उसके हाथ में सोने-चांदी जैसे सिक्कों के अलावा शालिग्राम जैसी धार्मिक वस्तु भी दिखाई देने की बात सामने आई है।



शनिवार को भी पुलिस टीम ने मंदिर परिसर में पहुंचकर मामले की विवेचना जारी रखी। सीसीटीवी फुटेज में जहां-जहां संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे रही हैं, उन्हें आधार बनाकर बीकेटीसी के कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना से पहले की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा सकें। इस बीच बीकेटीसी की आंतरिक जांच भी पूरी हो चुकी है। समिति की जांच रिपोर्ट जल्द ही मुख्य कार्याधिकारी को सौंपी जाएगी। पुलिस उपाधीक्षक एवं विवेचना के पर्यवेक्षक मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना से पहले की रिकॉर्डिंग का भी गहन परीक्षण किया जा रहा है। चढ़ावा हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल ने 5 से 12 जुलाई तक आकस्मिक अवकाश लिया था। रविवार को उसका अवकाश समाप्त हो रहा है। बीकेटीसी पहले ही उसे निलंबित कर ज्योतिर्मठ कार्यालय से संबद्ध कर चुकी है।

## अध्यापक पोर्टल से सुगम-दुर्गम की सेवाएं हटाने पर रोष जताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ की शाखा दुगड्डा के अध्यक्ष दीपक नेगी ने दुर्गम विद्यालयों में सेवा दे रहे शिक्षकों से स्थानांतरण के आवेदन न लिए जाने पर एवं अध्यापक पोर्टल से सुगम-दुर्गम की सेवाएं हटाने पर रोष व्यक्त किया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से 15 जुलाई से स्थानांतरण प्रकिया शुरू की जा रही है। अनुरोध के आधार पर केवल उन्हीं शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं जो गंभीर बीमार, दिव्यांगता, सरकारी नौकरी में पति-पत्नी, विधवा-विधुर, तलाकशुदा आदि हों। ऐसे शिक्षक जो सुगम से दुर्गम, दुर्गम से सुगम स्थानांतरण चाह रहे हैं उनके आवेदन नहीं मांगे जा रहे हैं। कहा कि वर्षों से दुर्गम विद्यालयों में सेवा दे रहे शिक्षकों को स्थानांतरण से वंचित कर दिया गया है। शिक्षकों के अध्यापक पोर्टल से सुगम-दुर्गम की सेवाएं भी हटा दी गई हैं। मौके पर उन्होंने इच्छुक शिक्षकों से भी स्थानांतरण के आवेदन लेने और शिक्षकों के पोर्टल में पहले की तरह सुगम-दुर्गम को अंकित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी यदि विभाग की ओर से सभी सात श्रेणी में शिक्षकों से आवेदन नहीं मांगे गए तो संगठन आंदोलन पर बाध्य होगा।

## देवस्थानम बोर्ड पर फिर सियासत तेज

### तीर्थ पुरोहितों ने पूर्व सीएम रावत पर बोला हमला

**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** केदारनाथ धाम में देवस्थानम बोर्ड का विवाद एक बार फिर राजनीतिक और धार्मिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। केदारनाथ के तीर्थ पुरोहितों ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में गठित देवस्थानम बोर्ड के माध्यम से सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं, तीर्थ पुरोहितों के अधिकारों और सनातन व्यवस्था की उपेक्षा की गई। पुरोहितों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में देवस्थानम बोर्ड जैसी व्यवस्था दोबारा लागू करने का प्रयास किया गया, तो गांव से लेकर विधानसभा तक व्यापक जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। केदारनाथ धाम के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी ने कहा कि देवस्थानम बोर्ड के गठन के समय तीर्थ पुरोहितों से किसी प्रकार का समुचित संवाद नहीं किया गया और उनके पारंपरिक अधिकारों का हनन हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड के माध्यम से तीर्थ पुरोहितों का मानसिक एवं सामाजिक उत्पीड़न किया गया, जिसे आज भी भूला नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं और तीर्थ पुरोहितों की विरासत का प्रतीक है। ऐसे में किसी भी सरकार द्वारा इन परंपराओं के साथ छेड़छाड़ या अधिकारों में हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। संतोष त्रिवेदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि भविष्य में देवस्थानम बोर्ड जैसी व्यवस्था लागू करने की कोशिश की गई तो तीर्थ पुरोहित और स्थानीय समाज एकजुट होकर गांव-गांव से आंदोलन शुरू करेंगे, जो विधानसभा तक पहुंचेगा।

## सेवानिवृत आईएएस चन्द्र सिंह के निधन पर शोक जताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैल शिल्पी विकास संगठन ने सेवानिवृत्त आइएएस चंद्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कहा कि वे दलितों और वंचितों के हित में लगातार कार्य करते आ रहे थे। इस संबंध में सिमलचौड़ स्थित कार्यालय में आयोजित शोक सभा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास आर्य ने कहा कि वे केवल एक कर्मठ अधिकारी ही नहीं थे, बल्कि दलितों, वंचितों और कमजोर वर्गों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए संघर्ष करने में लगा दिया। कहा कि वे टिहरी-उत्तरकाशी जिले के अनुसूचित जाति समाज के पहले आईएएस अधिकारी थे। उनकी ईमानदारी आज भी लोकसेवा का आदर्श मानी जाती है। वक्ताओं ने प्रदेश सरकार से उनके नाम पर उनके गृह जनपद में किसी विद्यालय या महाविद्यालय का नामकरण करने की मांग भी की। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में एससी, एसटी शिक्षक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी, अम्बेडकर मंच के संरक्षक प्रमोद चौधरी, सेवानिवृत रेंजर केशीराम निराला, शूरवीर खेतवाल, बी.के. भारती, जन अधिकार मंच के अध्यक्ष आशाराम, अंबेडकर मंच की अध्यक्ष गीता सिंह, मनोज सिंह और मोहित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**हरेवली ( चिंगारी )।** विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन साथिया पैलेस में किया गया, जिसमें हरेवली क्षेत्र व आसपास के ग्रामवासियों ने आकर शिविर का लाभ उठाया। लगभग 150 लोगों को डॉक्टरों की टीम ने परामर्श व दवाई दी। बजरंग दल के कार्यकर्ता ने बताया कि बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण, ब्लड कैंप जागरूकता आदि कार्यक्रम चलाए जाते हैं। शिविर में डॉ. बी.के. सिंह, विश्व हिंदू परिषद से सौरभ मालपानी, उदित शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र, डालचंद, अतुल, शिवा कुमार, विपुल चौधरी, गजेंद्र सिंह, हितेश कुमार, पवन कुमार, हिमांशु, डॉ. संजय, डॉ. विनीत, डॉ. सीमा कुशवाहा आदि का सहयोग रहा।

## हेड हेरिटेज एकेडमी में सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत गाड़ीघाट स्थित हेड हेरिटेज एकेडमी में सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों के लिए कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. रूपमाला सिंह ने बताया कि सीबीएसई द्वारा एनईपी 2020 और एनसीएफएसई 2023 के अनुसार, 2026-27 एकेडमिक सेशन से कक्षा 3 से 8 तक के लिए कंप्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का करिकुलम जारी किया गया है। इसका उद्देश्य शिक्षकों में लॉजिकल थिंकिंग विकसित करना, सिस्टैमैटिक तरीके से समस्या सुलझाना, पैटर्न पहचानना और एआइ के नैतिक और ज़िम्मेदार इस्तेमाल की समझ विकसित करना है।

यह कार्यशाला शिक्षकों को इस बदलाव के केंद्र में रखती है और सीटी व एआइ को कंप्यूटर लैब से निकालकर रोज़ाना की पढ़ाई-लिखाई का हिस्सा बनाती है। तत्पश्चात शिक्षकों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार के शिक्षक संजय कुमार शर्मा ने पहला, ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल, कोटद्वार की शिक्षिका सुमनलता ने दूसरा और हेरिटेज एकैडमी स्कूल, कोटद्वार के शिक्षक अधीश श्रवण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## तेज बारिश से नंदा चौकी में बना अस्थायी पुल क्षतिग्रस्त

**देहरादून ( चिंगारी )।** वर्ष 2025 में आई आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुए नंदा चौकी पुल के विकल्प के रूप में बनाया गया अस्थायी पुल तेज बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, सुबह पिछले साल ही आपदा में क्षतिग्रस्त हुआ पुराना पुल यातायात के लिए खोल दिया गया है।

बताया जा रहा है कि नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से पुल के समीप मिट्टी का कटाव हो गया, जिससे अस्थायी पुल का एक हिस्सा टूट गया था और वह वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह असुरक्षित हो गया था। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद पुलिस और प्रशासन ने एहतियातन इस मार्ग पर यातायात रोक दिया और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजना शुरू कर दिया। मौके पर प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी स्थिति का जायजा लेने पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। क्षेत्र के लोगों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए निर्माणाधीन नंदा चौकी के मुख्य पुल का काम तेजी से पूरा कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्य पुल को रविवार सुबह खोल दिया गया है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# गौकशी की घटना में उपकरण व शस्त्रों के साथ मुठभेड़ में एक अभियुक्त गिरफ्तार

## अंधेरे का लाभ उठाकर दूसरा अभियुक्त फ़रार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। स्थानीय पुलिस ने गौवंश अधिनियम से संबंधित अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में अवैध शस्त्र व पशुवध के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया। 8 जुलाई 2026 को अक्षय पुत्र कामेंद्र सिंह निवासी ग्राम सरवनपुर ने तहरीर दी थी कि रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके घर के बाहर बने छप्पर से गाय व बछिया चोरी कर उनका वध कर दिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित कर दी थीं। विवेचनात्क कार्रवाई के दौरान पुलिस के सामने उपरोक्त अभियोग में दो अभियुक्तों अब्बास उर्फ डोला पुत्र महबूब व शाहरूख उर्फ पटमल पुत्र भूरा निवासी अकबराबाद थाना कोतवाली देहात के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर ग्राम लुकादड़ी स्थित गंगनहर की पटरी पर चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया, जिस पर बाइक सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त अभियुक्त अब्बास उर्फ डोला के बायें पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी शाहरूख उर्फ पटमल अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक मोबाइल फोन, गौकशी के उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त बाइक यूपी 25 क्यू-7642 बरामद की। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी शाहरूख के साथ मिलकर आवारा घूमने वाले निराश्रित गौवंशीय पशुओं को पकड़कर रात के समय सुनसान स्थानों पर ले जाकर उनका वध कर मांस को आसपास के क्षेत्रों में बेचते हैं। उन्होंने चार-पांच दिन पूर्व हाईवे किनारे स्थित एक मकान के बाहर बने छप्पर में एक गाय व एक बछिया चोरी कर उन्हें गुनियापुर नहर की पटरी पर ले जाकर वध कर दिया था। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी अमित सिंह, एसआई, हिमांशु गोस्वामी, एसआई कय्यूम, एसआई सौरभ सिंह, एसआई गजेंद्र सिंह, कांस्टेबल राहुल, मोनू, विशाल, अचिन, शादाब, ओम सिंह, रूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है
R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044













